# कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं लगा आधार शिविर

## अपने दैनिक कार्य छोड़कर घंटों इंतजार करते रहे ग्रामीण

**नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा।** कलेक्टर के निर्देशानुसार 14 जुलाई को ग्राम पंचायत छत्तरपुर में आधार कार्ड बनाने एवं आधार अपडेट करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाना था। शिविर की सूचना मिलने पर सुबह 10 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत भवन पहुंच गए, लेकिन निर्धारित समय पर आधार पंजीयन टीम नहीं पहुंची।

घंटों इंतजार के बाद भी शिविर शुरू नहीं हो सका। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि वे आधार कार्ड बनवाने मोबाइल नंबर अपडेट कराने पता जन्मतिथि तथा अन्य आवश्यक संशोधन कराने के लिए अपने दैनिक कार्य छोड़कर पंचायत पहुंचे थे। कई लोग छोटे बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर आए थे। लेकिन पूरे दिन आधार ऑपरेटर या संबंधित कर्मचारी के नहीं पहुंचने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिला प्रशासन द्वारा शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए थे, तो लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें अपने गांव में ही आधार संबंधी सेवाओं का लाभ मिलेगा।



### समय और श्रम दोनों व्यर्थ

टीम के नहीं पहुंचने से लोगों का समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि शिविर नहीं लगने के कारणों की जांच की जाए तथा जल्द नई तिथि घोषित कर आधार पंजीयन एवं अपडेट शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समय पर आधार संबंधी सेवाओं का लाभ मिल सके।

# रास्ता विवाद, तहसीलदार ने किया मौके का निरीक्षण, जांच जारी

**नवभारत,गाडरवारा।** सालीचौका नगर परिषद क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार को बाबई-चीचली तहसीलदार नितिन राय ने राजस्व अमले के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ राजस्व निरीक्षक (आरआई) एवं पटवारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने संबंधित किसान एवं आसपास निवासरत लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिस निजी भूमि से लोगों का आवागमन हो रहा है, वह रास्ता फिलहाल यथावत बना रहेगा ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। तहसीलदार ने कहा कि मामले की राजस्व अभिलेखों एवं अन्य तथ्यों के आधार पर जांच जारी है।

# सीईओ के खिलाफ जनपद अध्यक्ष का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**नवभारत,गाडरवारा।** जनपद पंचायत बाबई-चीचली की अध्यक्ष राधा अहिरवार ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अभिषेक गुप्ता के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सोमवार से जनपद पंचायत परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पहले उन्होंने कलेक्टर नरसिंहपुर को शिकायत सौंपकर कार्यवाही की मांग की थी। धरना स्थल पर लगाए गए बैनर में सीईओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हितग्राहियों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं होने, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान में देरी तथा जनपद पंचायत की नियमित बैठकों का आयोजन नहीं कराने जैसे आरोप लगाए गए हैं।



### सीईओ जनप्रतिनिधियों के सुझावों की अनदेखी

प्रदर्शनकारियों ने सीईओ अभिषेक गुप्ता को तत्काल हटाकर अन्य अधिकारी की पदस्थापना की मांग की है। जनपद अध्यक्ष द्वारा कलेक्टर को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि सीईओ जनप्रतिनिधियों के सुझावों की अनदेखी करते हैं, जनता से जुड़े मामलों में समय पर निर्णय नहीं लेते, जिससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि लगभग 200 फाइलें लंबित होने से हितग्राही प्रभावित हो रहे हैं और विकास कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शिकायत पत्र में चेतावनी दी गई थी कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा। निर्धारित अवधि तक कार्रवाई नहीं होने के बाद सोमवार से जनपद पंचायत परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया।

## एक नजर में

### शिवम मिश्रा आज आकाशवाणी पर



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** चांवरपाठा निवासी नेशनल यूथ अवार्डी शिवम मिश्रा का विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रादेशिक समाचार एकांश आकाशवाणी भोपाल का विशेष कार्यक्रम प्रदेश की सुर्खियों में साक्षात्कार का प्रसारण आकाशवाणी मध्य प्रदेश के समस्त केन्द्रों से आज 15 जुलाई सुबह 09 :30 से किया जायेगा साक्षात्कार में युवाओं में कौशल विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। शिवम को विगत वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उनके द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता अभियान वित्तीय साक्षरता, जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु युवाओं को प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

### कुछ दिन ही बरसने के बाद चले गए बादल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** काफी विलंब से आये मानसून से जैसे तैसे ही राहत मिल पाई थी कि कुछ दिन ही बरसने के बाद बारिस ना जाने कहां चली गई तेंदूखेड़ा क्षेत्र में मानसून की लंबी खामोशी ने कृषि कार्यों को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। बारिश न होने से न केवल तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है बल्कि उमस भरी गर्मी ने आम जनजीवन को भी बेहाल कर दिया है। खेतों में नमी का अभाव होने से किसान अब अपनी फसलों को लेकर गहरी चिंता में हैं। बारिश के अभाव में खेती का चक्र पिछ? रहा है। अपनी व्यथा सुनाते हुए बिल्गुआ निवासी किसान दीपक पाठक ने बताया कि पिछले कई दिनों से बादलों की आवाजाही तो हो रही है। लेकिन पानी नहीं गिर रहा।

### एसडीएम कार्यालय ने जारी किया संशोधित आदेश

**नवभारत,गोटेगांव।** तहसीलदार गोटेगांव के स्थानांतरण और प्रभारी नायब तहसीलदार के अवकाश पर जाने के कारण राजस्व प्रशासन में बड़ा बदलाव किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोटेगांव द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार, गोटेगांव, करकबेल और बरहटा वृत्त का संपूर्ण प्रभार राजेश पटवा, प्रभारी नायब तहसीलदार को सौंपा गया है। कार्यालय के पूर्व आदेश क्रमांक 466 में आंशिक संशोधन करते हुए बताया गया कि तहसीलदार गोटेगांव का स्थानांतरण जबलपुर हो जाने के कारण पद रिक्त था। वहीं प्रभारी नायब तहसीलदार राजीव नेमा, वृत्त बरहटा ने स्वयं के हर्निया के इलाज हेतु हैदराबाद जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बदली तालाब की तस्वीर

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले के सांईखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत दहलवाड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया गया। अभियान के तहत तालाब की सफाई, गहरीकरण, तटों का सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यक संरचनात्मक कार्य कर इसे पुनर्जीवित किया गया। आज यह तालाब वर्षा जल के बेहतर संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि, सिंचाई सुविधा तथा ग्रामीणों के लिए उपयोगी जल स्रोत के रूप में नई पहचान बना रहा है। यह परिवर्तन सामुदायिक सहभागिता और प्रशासन के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# बिश्नोई समाज द्वारा अमावस्या पर हवन एवं धर्मसभा का आयोजन

**नवभारत,गाडरवारा।** बिश्नोई समाज द्वारा प्रत्येक अमावस्या की भांति इस बार भी बिश्नोई मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर हवन में आहुतियां अर्पित कीं तथा विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, सुख-समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की। हवन के उपरांत धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने गुरु जांभोजी महाराज के बताए सिद्धांतों का पालन करने, जीव रक्षा, प्रकृति संरक्षण तथा सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने नियमित रूप से धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता निभाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरे आयोजन में बिश्नोई समाज के सभी आयु वर्ग के लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।



धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता निभाने का संकल्प लिया

# स्कूलों में छात्र-छात्राओं को दी गई पॉक्सो अधिनियम की जानकारी

**नवभारत,गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला के निर्देशन में जिले के स्कूलों में बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पॉक्सो एक्ट की जानकारी देने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कड़ी में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश दिनेश मीणा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने श्रीनगर एवं बगासपुर क्षेत्र के 5 स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इन स्कूलों में किया गया कार्यक्रम, शासकीय माध्यमिक शाला झोतेश्वर गुरु विद्या मंदिर, श्रीनगर जगतगुरु शंकराचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल, श्रीनगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगासपुर शासकीय माध्यमिक शाला, बगासपुर में अधिकारियों ने पॉक्सो अधिनियम, गुड टच-बेड टच, मोबाइल का सदुपयोग और दुरुपयोग, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बच्चों के मन में उठ रहे सवालों के जवाब भी दिए गए। बच्चों को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण या अपराध की स्थिति में वे बिना डरे कानूनी मदद ले सकते हैं। इस अवसर पर स्कूलों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं प्राचार्य के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पीएलबी गोपाल ब्यौहार एवं पीएलबी दीपचंद सोनी उपस्थित रहे।




# विधायक महेन्द्र नागेश ने सीएम डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र, 25 प्रतिशत सीमा हटाने की मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के किसानों को मूंग उपार्जन में आ रही परेशानियों को लेकर विधायक महेन्द्र नागेश ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप की मांग की है। विधायक ने 13 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश में लागू 25त्न मूंग उपार्जन सीमा को समाप्त कर 100त्न उपार्जन व्यवस्था तत्काल लागू करने का आग्रह किया है। पत्र में विधायक नागेश ने लिखा कि वर्तमान में शासन द्वारा केवल 25त्न मूंग उपार्जन की व्यवस्था लागू होने के कारण अधिकांश पात्र किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहे हैं। परिणामस्वरूप किसानों को अपनी शेष उपज खुले बाजार में कम दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन्हें भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है और किसानों में व्यापक असंतोष का माहौल है। विधायक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है।



किसानों को अपनी शेष उपज खुले बाजार में कम दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**नवभारत,गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्राओं को भी पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया।

प्राचार्य ए. के. रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान शिक्षकों ने पीपल, नीम सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे रोपे। शिक्षक जगदीश मेहरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पौधारोपण से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। इस अवसर पर रामकृष्ण अहिरवार, विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।



# साईंखेड़ा में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन कल

- प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह रहेंगे मुख्य अतिथि, शिक्षा और विकास के नए युग की होगी शुरुआत

**नवभारत,साईंखेड़ा।** नगर एवं क्षेत्र के लिए 16 जुलाई 2026 का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण साबित होने जा रहा है। दादाजी धूनी वालों की पावन नगरी साईंखेड़ा में गुरुवार को दोपहर 3 बजे सांदीपनी विद्यालय एवं महाविद्यालय (कॉलेज) का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसी अवसर पर नगर परिषद साईंखेड़ा के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। सांदीपनी विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रारंभ होने से साईंखेड़ा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की भी बचत होगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन से नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। सड़क, पेयजल, नाली, सार्वजनिक सुविधाओं सहित अन्य विकास परियोजनाओं के प्रारंभ होने से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और नगर के समग्र विकास को गति मिलेगी।





# अनु .जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम 16 को जिला प्रवास पर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष पंकज टेकाम का 16 जुलाई को प्रथम जिला आगमन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष विभन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिला अनु.जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर ने हमारे प्रतिनिधि को वताया कि प्रदेश अध्यक्ष 16 जुलाई को भोपाल से सड़क मार्ग से पहले तेन्दूखेड़ा पहुंचेंगे। नगरपरिषद कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिन्दन किया जायेगा। तत्पश्चात राजमार्ग बरमान करेली होते हुये जिला भाजपा कार्यलय में पं.दीनदयाल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण तत्पश्चात पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं द्वारा स्वागत परिचयात्मक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के बाद दोपहर गोटेगाँव कार्यकर्ताओ से भेंटआदि कार्यक्रम रखे गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष के जिला प्रवास प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष महीष मोदी को नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के प्रवास पर भाजपा के पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी अनु.जनजाति मोर्चा के सभी पदाधिकारी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

# युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

- दुकान पर कब्जे से परेशान होने का दावा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पटेल वार्ड स्थित गुरुद्वारा के पास निवासी विजय दुबे ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर उसे समझाइश दी और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय दुबे अपने साथ प्लास्टिक की बोतल में पेट्रोल भरकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर उन्होंने बताया कि उनकी दुकान पर एक अन्य व्यक्ति ने कथित रूप से अवैध कब्जा कर रखा है और कई प्रयासों के बावजूद दुकान खाली नहीं की जा रही है। इस मामले को लेकर वे लंबे समय से परेशान हैं। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी शिकायत लेकर पहले कोतवाली थाना और बाद में कलेक्ट्रेट के भी कई चक्कर लगा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हो गया। इसी निराशा में उसने आत्मदाह जैसा गंभीर कदम उठाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा विजय दुबे को समझाकर सुरक्षित किया। इसके बाद अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना के बाद कुछ समय के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



# कुरकुरे जैसे पैकेटों में मिलने वाले खिलौने बन रहे जानलेवा

**नवभारत,गाडरवारा।** बच्चों को लुभाने के लिए स्नैक और कुरकुरे जैसे खाद्य पदार्थों के पैकेट में दिए जाने वाले छोटे-छोटे खिलौने अब उनकी जान के लिए खतरा बनते नजर आ रहे हैं। सिहोरा में ऐसा ही एक चिंताजनक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एक मासूम बच्चे ने खाने के पैकेट में निकले छोटे खिलौने को गलती से निगल लिया। इसके बाद परिजन घबरा गए और बच्चे को तत्काल डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। समय पर उपचार मिलने से बच्चे की जान बच गई और वह सुरक्षित है। यदि थोड़ी भी देर हो जाती, तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। यह घटना बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे आकार के प्लास्टिक खिलौने बच्चों के गले में फंस सकते हैं या श्वास नली में चले जाने से जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के खाद्य उत्पादों के साथ इस तरह के छोटे खिलौने दिए जाने पर सख्त नियम बनाए जाने चाहिए। साथ ही, पैकेट पर स्पष्ट और बड़े अक्षरों में चेतावनी भी लिखी जानी चाहिए ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके। अपील- यदि आपके घर में छोटे बच्चे हैं, तो स्नैक या कुरकुरे जैसे पैकेट खोलते समय पहले उसमें मौजूद खिलौने को अलग कर दें।

**पौधरोपण** | नगर पालिका, सीएमओ और पीडब्ल्यूडी ने मिलकर किया पौधरोपण

# नागरिकों से पौधे लगाने की अपील की

**नवभारत,गोटेगांव।** बढ़ती आबादी और बढ़ते प्रदूषण के बीच प्रकृति का संरक्षण आज हर नागरिक की जिम्मेदारी बन गई है। इसी संदेश के साथ नगर पालिका, सीएमओ सत्येंद्र सालवार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग ने संयुक्त रूप से लोक निर्माण परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दोनों विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर पौधे लगाए और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ सत्येंद्र सालवार ने कहा गया कि आधुनिक जीवन में हम सुबह से शाम तक प्रदूषित वातावरण में जी रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण का संरक्षण ही मानव सभ्यता और जीव-जंतुओं के जीवन का आधार है। प्रकृति हमें बिना स्वार्थ के हवा, पानी और जीवन देती है। यदि आज हमने प्रकृति की रक्षा नहीं की तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान विभागों द्वारा समाज के हर नागरिक से अपील की गई कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधे आने वाले समय में न केवल छाया और ऑक्सीजन देंगे, बल्कि शहर को हरियाली से भी भरेंगे।



### संयुक्त पहल से दिया गया संदेश

नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी की इस साझा पहल की लोगों ने सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी से ही हम प्रदूषण को रोक सकते हैं और धरती को हरा-भरा बना सकते हैं। इस मौके पर दिलीप खर्चे अशोक साहू धर्मेंद्र झरिया विकास राजपूत कमलकांत सिलावट नरेश शर्मा रचना गोड सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# घर-घर जाकर 0 से 5 साल के बच्चों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

- सीबीएमओ गोटेगांव ब्लॉक स्वास्थ्य टीम द्वारा अभियान की ब्लॉक स्तर से निरंतर समीक्षा की जा रही

**नवभारत,गोटेगांव।** स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार ब्लॉक गोटेगांव में 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक विशेष दस्तक अभियान शुरू किया गया है। सीबीएमओ गोटेगांव ब्लॉक स्वास्थ्य टीम द्वारा अभियान की ब्लॉक स्तर से निरंतर समीक्षा की जा रही है। अभियान के तहत ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य कर्मी सजगता से जुट गए हैं। इस अभियान के दौरान एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सीएचओ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी। स्वास्थ्य दल बच्चों को विटामिन-ए का घोल पिलाएगा। साथ ही आईएफए सिरप, ओआरएस, जिंक की दवाई आदि का वितरण भी किया जाएगा। अभियान के दौरान पालकों को बच्चों के पोषण, टीकाकरण, दस्त और कुपोषण से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां एवं शासन की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी।



### अभियान का उद्देश्य

स्वास्थ्य विभाग के इम्यूनाइजेशन मॉनिटर ने बताया कि सभी मैदानी कर्मी मुस्तैदी से इस मुहिम को सफल बनाने में लगे हुए हैं, ताकि ब्लॉक के हर बच्चे तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सके। दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और अन्य बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका उपचार करना तथा बच्चों को स्वस्थ रखना है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को घर में प्रवेश देकर बच्चों की जांच में सहयोग करें।